Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 20-03-2007

Participants : Mehta Shri Alok Kumar

an>

Title: Need to construct a bridge over river Boodhi Gandak in Samastipur, Bihar with a view to provide easy transport facility to the fruit and vegetable venders.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) : महोदय, बिहार के समस्तीपुर जिला में बड़ी तादाद में फल और सब्जी की खेती होती है। कल्याणपुर प्रखण्ड का सोमनाहा पंचायत और असपास का क्षेत्र उसमें अव्वल स्थान रखता है, परन्तु बूढ़ी गंडक नदी के किनारे बसे सोमनाहा की सब्जी और फल का बाजार ठीक सामने दूसरे किनारे पर बसा पूसा बाजार है, जहां राजेन्द्र कृाि विश्वविद्यालय, पूसा है। सोमनाहा में नदी पर पुल न रहने की वजह से सब्जी किसानों को लगभग 25 किलोमीटर की यात्रा कर पूसा जाना पड़ता है। उस बिन्दु पर नदी के दोनों किनारों पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कें बनी हुई हैं।

अतः किसानों के हित का ख्याल रखते हुए सरकार से अनुरोध है कि नाबार्ड योजना या किसी और के तहत उक्त पुल का बनवाया जाये।